भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

* * *

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या: 169

(दिनांक 16.03.2023 को उत्तर के लिए)

नेशनल रिक्रूटमेंट एजेंसी की स्थिति

***169. श्री राम नाथ ठाकुर :**

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या फरवरी 2020 के बजट में नेशनल रिक्रूटमेंट एजेंसी (एनआरए) की घोषणा की गई थी जो सरकारी क्षेत्र की नई भर्तियां करेगी;

(ख) इस एजेंसी द्वारा अब तक किन-किन स्तरों की भर्तियां कराई गई है;

(ग) इसमें तैनात अधिकारियों का तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) अब तक एजेंसी द्वारा कराई गई भर्तियों के माध्यम से कितने अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिल चुका है?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

'नेशनल रिक्रूटमेंट एजेंसी की स्थिति' के संबंध में श्री राम नाथ ठाकुर द्वारा दिनांक 16.03.2023 को पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 169 (चतुर्थ स्थान) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) जी, हां।

(ख) देश में विभिन्न परीक्षा प्रणालियों के विस्तृत विश्लेषणात्मक अध्ययन के आधार पर और अधिदेश (मैंडेट) के पैमाने एवं विषय-क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए, कम्प्यूटर आधारित सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) के आयोजन हेतु वर्तमान में एनआरए विषय-क्षेत्र एवं डिजाइन के अंतिम चरण में है।

(ग) वर्तमान में, अध्यक्ष के अलावा, तीन अधिकारियों नामतः सचिव-सह-परीक्षा नियंत्रक, एक निदेशक और एक उप सचिव स्तर के अधिकारी को राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (मुख्यालय) में नियुक्त किया गया है।

(घ) उपर्युक्त (ख) के आलोक में, अभी सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) आयोजित की जानी है।

*****